छात्रों से जॉब प्रावाइडर बनने का आह्वान किया

देहरादून। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने शिवालिक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग में ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स की शुरूआत। कुलपति ने छात्रों का नई तकनीक का प्रयोग कर अपने भविष्य को सफल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने ने कहा कि ऑनलाइन कोर्स छात्रों व अध्यापकों के स्किल डेवलपमेंट में हर सम्भव सहायता करेगा। उन्होंने छात्रों को स्टार्ट-अप एवं नवाचार के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छात्र जाब प्रोवाइडर बनने पर जोर दें। कुलपति ने शिवालिक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग को आर्टीफिसियल इंटेलीजेंस एण्ड मशीन लर्निंग तथा डाटा साइंस हेतु नोडल केन्द्र के रूप में भी नामित किया। इस अवसर इक्फाई विवि के कुलपति डा. रामकरण सिंह, संस्थान के उपाध्यक्ष अजय कुमार, निदेशक डा. प्रहलाद सिंह, सलाहकार डा. एसपी श्रीवास्तव, डीन स्टूडेन्ट वेलफेयर सुरमधुर पन्त, परीक्षा नियंत्रक डा. यूसी गुप्ता आदि मौजूद थे।

दिनांक - 30/सितम्बर/2022
पेपर - राष्ट्रीय सहारा
दिन - शुक्रवार